भारत सरकार
योजना मंत्रालय

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *389**
दिनांक 20.08.2025 को उत्तर देने के लिए

**अटल टिंकरिंग लैब**

*389. **डॉ. बायरेड्डी शबरी:**
**श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में अटल इनोवेशन मिशन की शुरुआत से अब तक इसके अंतर्गत स्वीकृत, स्थापित और प्रचालनरत अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) की संख्या का विशेषकर आंध्र प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र, जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन लैब की शुरुआत से अब तक इनकी स्थापना और संचालन के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित और संवितरित की गई है;

(ग) क्या सरकार का केंद्रीय बजट 2025-26 के अंतर्गत ऐसी नई लैब स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो विद्यालयों के चयन के मानदंडों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार को वर्तमान चरण के अंतर्गत ऐसी नई लैब स्थापित करने हेतु आंध्र प्रदेश राज्य सरकार या उसके संबद्ध संस्थानों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और स्थिति क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अटल टिंकरिंग लैब का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं**
**राज्यमंत्री (संस्कृति मंत्रालय)**

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) से (ङ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**"अटल टिंकरिंग लैब" के संबंध में डॉ. बायरेड्डी शबरी एवं श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी द्वारा पूछे गये लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *389 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण:**

(क) अटल नवाचार मिशन (एआईएम) ने वर्ष 2016 में अपनी स्थापना के बाद से देश भर में कुल 10,000 अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) स्थापित की हैं, जिनमें से 713 एटीएल आंध्र प्रदेश में स्थापित की गई हैं। स्थापित एटीएल की राज्यवार संख्या नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई है जिसमें आंध्र प्रदेश भी शामिल है:

| राज्य | स्थापित एटीएलों की कुल संख्या |
|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप | 10 |
| **आंध्र प्रदेश** | **713** |
| अरुणाचल प्रदेश | 32 |
| असम | 352 |
| बिहार | 97 |
| चंडीगढ़ | 22 |
| छत्तीसगढ | 368 |
| दादरा और नगर हवेली | 4 |
| दिल्ली | 198 |
| गोवा | 19 |
| गुजरात | 615 |
| हरियाणा | 435 |
| हिमाचल प्रदेश | 112 |
| जम्मू और कश्मीर | 127 |
| झारखंड | 126 |
| कर्नाटक | 798 |
| केरल | 369 |
| लद्दाख | 2 |
| मध्य प्रदेश | 601 |
| महाराष्ट्र | 1033 |
| मणिपुर | 119 |
| मेघालय | 13 |
| मिजोरम | 26 |
| नागालैंड | 26 |
| ओडिशा | 331 |
| पुदुचेरी | 19 |
| पंजाब | 230 |

| | |
|---|---|
| राजस्थान | 511 |
| सिक्किम | 27 |
| तमिलनाडु | 975 |
| तेलंगाना | 379 |
| त्रिपुरा | 27 |
| उत्तर प्रदेश | 955 |
| उत्तराखंड | 87 |
| पश्चिम बंगाल | 242 |
| **कुल योग** | **10,000** |

सभी 10,000 स्कूलों का ज़िला-वार विद्यालय-वार और वर्ष-वार विवरण एआईएम की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे - https://aim.gov.in/pdf/OperationalATLsInIndia.pdf पर देखा जा सकता है।

(ख) एआईएम एक केंद्रीय क्षेत्रक स्कीम है। चूंकि धनराशि चयनित स्कूलों को संवितरित की जाती है, इसलिए राज्य-वार आवंटन नहीं होता है। अब तक संवितरित कुल निधि का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा निम्नप्रकार हैः

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **वित्त वर्ष 16-17** | **वित्त वर्ष 17-18** | **वित्त वर्ष 18-19** | **वित्त वर्ष 19-20** | **वित्त वर्ष 20-21** | **वित्त वर्ष 21-22** | **वित्त वर्ष 22-23** | **वित्त वर्ष 23-24** | **वित्त वर्ष 24-25** | **कुल (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप | 0.12 | 0.24 | 0.84 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.16 | 0 | 1.36 |
| **आंध्र प्रदेश** | **1.44** | **8.16** | **23.76** | **9.76** | **28.28** | **14.72** | **4.96** | **4** | **0.96** | **96.04** |
| अरुणाचल प्रदेश | 0.24 | 0.48 | 2.04 | 0.24 | 0.68 | 0.12 | 0.16 | 0.08 | 0.04 | 4.08 |
| असम | 1.32 | 1.2 | 13.2 | 8.16 | 9.96 | 6.4 | 2.8 | 1.52 | 0.52 | 45.08 |
| बिहार | 0.72 | 1.8 | 3 | 3 | 1.76 | 1.44 | 0.4 | 0.44 | 0.08 | 12.64 |
| चंडीगढ | 0.6 | 0.72 | 0.48 | 0.12 | 0.48 | 0.36 | 0.08 | 0.12 | 0 | 2.96 |
| छत्तीसगढ | 1.08 | 4.08 | 12.24 | 10.52 | 10.76 | 8.04 | 3.24 | 3.92 | 1.04 | 54.92 |
| दादरा और नगर हवेली | 0 | 0.24 | 0 | 0.12 | 0 | 0.16 | 0 | 0.04 | 0 | 0.56 |
| दिल्ली | 3.72 | 4.56 | 6.72 | 2.88 | 6.96 | 1.16 | 0.68 | 1.4 | 0.04 | 28.12 |
| गोवा | 0.96 | 0.24 | 0.6 | 0.12 | 0.32 | 0.24 | 0 | 0.04 | 0 | 2.52 |
| गुजरात | 1.68 | 5.28 | 13.8 | 19.56 | 23.28 | 11.28 | 3.52 | 7.4 | 1.24 | 87.04 |
| हरियाणा | 1.8 | 4.08 | 7.56 | 9.6 | 13.68 | 14.28 | 4.8 | 3.44 | 0.88 | 60.12 |
| हिमाचल प्रदेश | 0.24 | 1.2 | 3 | 3.28 | 4.44 | 1.32 | 1.12 | 0.84 | 0.24 | 15.68 |
| जम्मू और कश्मीर | 0.24 | 0.84 | 2.64 | 1.08 | 4.76 | 5.72 | 0.8 | 1.36 | 0.2 | 17.64 |
| झारखंड | 0.36 | 0.96 | 3.72 | 2.88 | 3.4 | 3.68 | 0.68 | 0.6 | 0.72 | 17 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कर्नाटक | 2.16 | 4.08 | 16.68 | 20.4 | 29.64 | 20.92 | 10.52 | 6.28 | 0.68 | 111.36 |
| केरल | 2.88 | 7.2 | 13.32 | 6.72 | 12.04 | 5.08 | 2.08 | 1 | 0.44 | 50.76 |
| लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.24 | 0 | 0 | 0.04 | 0 | 0.28 |
| मध्य प्रदेश | 0.84 | 6 | 12.36 | 16.08 | 17.12 | 19.68 | 3.6 | 7.08 | 1.24 | 84 |
| महाराष्ट्र | 3.72 | 12.72 | 12.48 | 32.28 | 37.52 | 26.2 | 8.44 | 8.24 | 1.32 | 142.92 |
| मणिपुर | 0.36 | 1.32 | 1.56 | 3.96 | 1.6 | 5.6 | 0.24 | 0.04 | 0.2 | 14.88 |
| मेघालय | 0.12 | 0.72 | 0.24 | 0.24 | 0.12 | 0.12 | 0 | 0.08 | 0 | 1.64 |
| मिजोरम | 0.12 | 0.48 | 1.44 | 0.48 | 0.2 | 0.48 | 0.04 | 0.12 | 0.12 | 3.48 |
| नागालैंड | 0 | 0.84 | 0.96 | 0.6 | 0.44 | 0.24 | 0.16 | 0.04 | 0.04 | 3.32 |
| ओडिशा | 0.48 | 3.72 | 10.56 | 7.44 | 9.92 | 7.8 | 2.16 | 0.88 | 0.2 | 43.16 |
| पुदुचेरी | 0.12 | 0.36 | 0.96 | 0.36 | 0.36 | 0.2 | 0.2 | 0.04 | 0.04 | 2.64 |
| पंजाब | 1.92 | 2.52 | 5.16 | 5.28 | 6.28 | 6.88 | 2.4 | 1.8 | 0.68 | 32.92 |
| राजस्थान | 0.72 | 1.8 | 14.04 | 10.72 | 14.24 | 20.76 | 3.28 | 4.48 | 1.16 | 71.2 |
| सिक्किम | 0.6 | 0.48 | 1.56 | 0.24 | 0.12 | 0.28 | 0 | 0.04 | 0 | 3.32 |
| तमिलनाडु | 3.84 | 5.4 | 17.76 | 21 | 17.24 | 52.32 | 8.68 | 9.8 | 2.12 | 138.16 |
| तेलंगाना | 1.08 | 2.28 | 9.72 | 5.72 | 10.88 | 15.36 | 4.48 | 5.24 | 0.44 | 55.2 |
| त्रिपुरा | 0 | 0.24 | 0.84 | 0.36 | 0.28 | 1.44 | 0.16 | 0.16 | 0 | 3.48 |
| उत्तर प्रदेश | 3.12 | 5.52 | 10.44 | 26.16 | 31 | 39.32 | 7.44 | 13.52 | 2.04 | 138.56 |
| उत्तराखंड | 0.84 | 0.72 | 1.8 | 2.4 | 1.84 | 2.6 | 1.04 | 0.56 | 0.24 | 12.04 |
| पश्चिम बंगाल | 2.16 | 3 | 3.12 | 4.56 | 4.48 | 9 | 4.12 | 1.36 | 0.96 | 32.76 |
| **कुल योग** | **39.6** | **93.48** | **228.6** | **236.32** | **304.3** | **303.2** | **82.28** | **86.16** | **17.88** | **1391.84** |

(ग) माननीय वित्त मंत्री ने केंद्रीय बजट 2025-26 में अगले पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 एटीएल स्थापित करने की घोषणा की है। इन एटीएलों को शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा स्थापित किया जाएगा।

(घ) शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग में नई एटीएल योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

(ङ) देश के आकांक्षी जिलों में कुल 1,046 (10.46%) एटीएल और आकांक्षी ब्लॉकों में कुल 375 (3.75%) एटीएल स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 5,694 (57%) एटीएल स्थापित किए गए हैं।

*****